NDTV India

बोर्ड में भूमिका के लिए महिला सदस्यों को कर रहा प्रशिक्षित आईसीएसआई

कंपनी सेकेट्री की सर्वोच्च संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) अपने महिला सदस्यों को कंपनियों के निदेशक मंडल में भूमिका संभालने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश कर रही है। कंपनियों के निदेशक मंडल में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने के लिये आईसीएसआई ने यह पेशकश शुरू की है।

आईसीएसआई की अध्यक्ष ममता बिनानी ने कहा, 'जो छात्र निदेशक मंडल का हिस्सा बनने के लिये उपयुक्त हैं, उनके लिए नियमित तौर पर प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा हम विशेष तौर पर महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं और उनके लिये एक या दो सत्र विशेष तौर पर आयोजित किए जा रहे हैं।' बिनानी आईसीएसआई द्वारा आयोजित 'निदेशक मंडल में विविधता' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर बोल रही थीं।

बिनानी ने कहा कि प्रशिक्षण सत्र को 'ऑनलाइन' और 'ऑफलाइन' दोनों तरह से संचालित किया जा रहा है ताकि छात्रों आवश्यकता के अनुसार उस तक पहुंच सकें।